महिला थाना में महिलाओं को समय पर नहीं मिल रहा न्याय

प्राथमिकी दर्ज होने के तीन माह बाद भी दहेज प्रताड़ना के मामले में नहीं हुई गिरफ्तारी

कोटपूतली, (निसं)। भले ही राजस्थान सरकार ने महिलाओं पर लगातार बढ़ रहे अत्याचार के मामलों को मध्य नजर रखते हुए पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में महिला थानों का गठन किया हो किन्तु यहां थानों में तैनात पुलिस विभाग के अधिकारी सरकार के इन सपनों को पलिता लगा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला यहां के कोटपूतली महिला थाने का सामने आया है।

इसमें निकवर्ती पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम हसामपुर निवासी विवाहिता प्रवीणा बानो पुत्री जमालुद्दीन ने बताया कि उसका निकाह 19 जून 2018 को पावटा निवासी सलीम खां पुत्र इमामुदीन खां व उसकी छोटी बहन काजल बानो का निकाह उसके देवर सकील खां के साथ हुआ था। निकाह में उसके पिता ने अपनी हसियत से बढ़कर करीब 10 लाख रूपये खर्च किये थे। जिसके बावजूद भी दहेज लोभी पति, ससुर, देवर,देवरानी सहित अन्य ने उसके साथ मारपीट की और

- **पीड़िता ने एसपी व कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई**
- **थाना प्रभारी पर कार्यवाही में शिथिलता बरतने का आरोप लगाया**

डेढ़ लाख रूपये एक बाइक की मांग करते हुए उसे घर से निकाल दिया। जिसको लेकर प्रार्थिया 5 दिसम्बर 2023 को महिला थाने पहुंची तो पुलिस ने उसे करीब दो माह तक दोनों पार्टियों को बिठाकर समझौता कराने का हवाला देकर करीब ढाई महिने तक पीड़िता को थाने के चक्कर लगवाती रही आखिर 27 फरवरी 2024 को पुलिस ने पीड़िता प्रवीणा बानो के पति सलिम खां व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। किन्तु रिपोर्ट दर्ज होने के करीब तीन माह बाद भी जब पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं कि गई तो पीड़िता ने विगत 9 अप्रेल 2024 को जिला पुलिस अधिक्षक वंदिता राणा से कार्यवाही की गुहार लगाई जिस पर पुलिस अधिक्षक ने थाना प्रभारी को तुरन्त प्रभाव से कार्यवाही के निर्देश दिए थे। लेकिन थाना प्रभारी ने मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की तो पीड़िता ने सोमवार को पुन: पुलिस अधिक्षक व जिला कलेक्टर के यहां ज्ञापन सौंप कर थाना प्रभारी द्वारा मामले में सिथिलता बरतने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंप कर शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है।

नहर के पास सेना के बंकर में युवक का शव मिला

रावला मंडी/अनूपगढ़, (निसं)। पांच पीएसडी के पास अनूपगढ़ शाखा नहर के किनारे बने सेना के बंकर (मोर्चा) में 17 वर्षीय युवक आशीष का शव मिला है। इस मामले में युवक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस अधीक्षक रमेश मौर्य ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया। थाना अधिकारी बलवंत राम ने उन्हें घटना की जानकारी दी। वहीं रावला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल बोर्ड की ओर से शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस को मौके पर शव को घसीट कर बंकर में डाले जाने के निशान मिले हैं।

इस संबंध में मृतक आशीष बिश्नोई की बुआ के लड़के पंकज कुमार पुत्र रामस्वरूप बिश्नोई निवासी देशली ने पुलिस को बताया कि उसके मामा का लड़का आशीष कुमार पुत्र मुकेश कुमार उम्र करीब 17 साल मूल रूप से सूरतगढ़ का निवासी है। वह दो दिनों से उसके पास देशली आया हुआ था। आशीष घर से मोटरसाइकिल लेकर अपने पुश्तैनी घर तीन केएचएम जाने का कहकर निकला था। शाम तक आशीष घर नहीं पहुंचा तथा फोन भी बंद था। देर शाम उन्हें सूचना मिली कि आशीष का शव पांच एचडी के पास नहर के किनारे सेना के बने बंकर में पड़ा है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी हत्या कर दी है। शनिवार देर शाम से ही पुलिस के उच्च अधिकारी घटनास्थल एवं रावला थाना पर कैंप किए हुए हैं।

पुलिस उप अधीक्षक अमरजीत चावला ने बताया कि देर शाम ग्रामीणों की सूचना पर नहर किनारे सेना के बंकर में युवक का शव मिला था। मौके पर शव को घसीटकर बंकर में डालने के भी निशान मिले हैं। गले पर धारदार हथियार के निशान भी हैं।

पुलिस ने मौके पर मिली बाइक के नंबर से मृतक की शिनाख्त की है। युवक आशीष पुत्र मुकेश कुमार सूरतगढ़ में माता-पिता के साथ रहता था। 11 वीं कक्षा का छात्र आशीष तीन बहनों का इकलौता भाई बताया जा रहा है। शनिवार को तीन केएचएम से लौटकर आशीष देशली जाने से पहले दोपहर रावला मंडी पहुंचा। बाजार में उसके फूफा की दुकान है। वहां वह दुकान पर कुछ देर रुका और किसी से बात करने के बाद बाइक से रवाना हो गया।

मारपीट मामले में न्याय नहीं मिला तो एसपी के पास पहुंचा पीड़ित

अपने परिवार के साथ रिक्शे से 27 किलोमीटर की दूरी तय कर एसपी दफ्तर पहुंचा पीड़ित युवक

धौलपुर, (निसं)। मारपीट के मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने से प्रताड़ित एक युवक अपनी मां, पत्नी और पिता को रिक्शे पर बिठाकर धौलपुर एसपी ऑफिस न्याय की गुहार लगाने पहुंचा।

क्योंकि युवक जब कौलारी थाने में पहुंचा तो उसे एसपी ऑफिस जाने के लिए कह दिया। किराए के पैसे नहीं होने पर वह रिक्शे पर पहुंचा था। एसपी ऑफिस पहुंचे युवक टीटू ने बताया कि 23 अप्रैल को उसके परिवार में एक बारात आई थी। जिसमें देर रात बज रहे डीजे को बंद करने के लिए युवक के पिता जगदीश पुत्र बत्ती लाल ने दूसरे पक्ष को बोल दिया। इस बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने युवक के साथ उसकी मां, भाई और पिता से मारपीट कर दी। मारपीट में युवक की मां गंभीर घायल हो गई।

एसपी ऑफिस पहुंचे युवक ने बताया कि थाने में मुकदमा दर्ज होने

- **डीजे को बंद करने की बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने युवक के साथ उसकी मां, भाई और पिता से मारपीट कर दी थी**

के बाद भी उसकी रिपोर्ट पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद युवक कोलारी थाने में पहुंचा। जहां थाना प्रभारी ने उसे एसपी ऑफिस जाने के लिए कह दिया। थाना प्रभारी के आदेश के बाद युवक अपनी मां, पत्नी, बेटे और पिता को गांव भदियाना से रिक्शा से करीब 27 किलोमीटर की दूरी तय कर एसपी ऑफिस धौलपुर पहुंच गया। जहां उसने एसपी से न्याय की गुहार लगाई।

युवक के एसपी ऑफिस पहुंचने पर कौलारी थाना प्रभारी भंवर सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना को लेकर तत्कालीन समय में ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। जिसके लिए कार्रवाई की प्रक्रिया अभी तक जारी है। उन्होंने बताया कि एसपी ऑफिस में पीड़ित ने शिकायत दी थी। उस शिकायत का निस्तारण करने पीड़ित को एसपी ऑफिस बुलाया गया था।

घटना को लेकर परिवाद शाखा के प्रभारी किशन सिंह ने बताया कि पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी एक शिकायत दी थी। मुकदमा दर्ज होने जाने के बाद दी गई शिकायत का निस्तारण करने के लिए कौलारी थाना प्रभारी को सूचना दी गई थी। उन्होंने बताया कि पीड़ित के थाने के बाद उनके द्वारा दी गई शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है।

जमीन धंसने की घटना पर आई प्रारम्भिक रिपोर्ट

बीकानेर, (निसं)। भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन करने से भूमि की कोख तो सूख ही रही है। भविष्य में इसके भयावह परिणाम भूगर्भीय घटनाओं के रूप में भी देखने को मिल सकते हैं। सहजरासर गांव की रोही में 27 दिन पहले 15 अप्रेल को अचानक जमीन धंसने से बने 110 फीट गहरे और 200 फीट व्यास का गड्ढा बन गया था। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने मौका देखकर जमीन धंसने का कारण अत्यधिक जल दोहन और कम बारिश से ग्राउंड वाटर रिचार्ज नहीं होना बताया है। इससे जमीन खोखली हो गई और मिट्टी नीचे चली गई। विस्तृत रिपोर्ट जारी की जानी शेष है। घटना के बाद पंजाब-हरियाणा और दिल्ली तक से लोग यहां आ रहे हैं। सहजरासर सरपंच आशादेवी ने बताया कि पंचायत की मदद से पास के खेत से कच्चा रास्ता बनाया है। बजट मिलने पर गड्ढे का भरवाकर दोबारा सड़क बनवाई जाएगी। उपखंड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि जीएसआई ने मौसम विभाग, भूजल विभाग, सैटेलाइट समेत कई साक्ष्य जुटाए हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि भूजल रिचार्ज नहीं तथा नीचे की जमीन सख्त नहीं होने से ऊपर की मिट्टी धंसी है। इसे भौगोलिक घटना माना। जीएसआइ की विस्तृत रिपोर्ट अभी आनी है।

बाइक चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, चार वाहन जब्त

धौलपुर, (निसं)। मनियां पुलिस ने बाइक चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर चार वाहन जब्त किये। धौलपुर पुलिस अधीक्षक धौलपुरसुमित मेहरडा के निर्देशन में व अति. पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार शर्मा व वृताधिकारी मनियांराजेश कुमार शर्मा के निकटतम सुपरवीजन में मोटरसाईकिल चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये थाना प्रभारी मनियां देवेश कुमार उ.नि. मय टीम, द्वारा दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई चार मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

12 मई को थानाप्रभारी मनियां देवेश कुमार उ.नि. को गजेन्द्र सिंह कानि. ने सूचना दी कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई है कि दो व्यक्ति कैलाशपुरा गांव की तरफ खेरली रपट की तरफ चोरी की मोटरसाइकिलों को लेकर आ रहे हैं। सूचना पर थानसिंह एएसआई को कार्रवाई हेतु दिशा-निर्देश दिये जाकर थानसिंह एएसआई को मय टीम के रवाना कर खेरली रपट भेजा। जहां दो व्यक्ति अलग-अलग मोटरसाईकिलों से खेरली की तरफ से आते हुए दिखाई दिये जो पुलिस को

पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की।

देखकर मोटरसाईकिलों को छोड़कर खेतो की तरफ भागने लगे जिनको पुलिस जाप्ता ने घेरा देकर पकड़ा जिनसे नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम काजू पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी घड़ी जवाहर थाना मनियां जिला धौलपुर व दूसरे ने अपना नाम राहुलसिंह पुत्र हेमसिंह निवासी कैलाशपुरा थाना मनिया जिला धौलपुर होना बताया। दोनों मोटरसाइकिलों को कब्जे में लेकर पूछताछ की गई तो दोनों मोटरसाइकिलों को चोरी की होना बताया।

व्यापारी की कार से चार लाख रुपये चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। रामगंज पुलिस थाना इलाके में स्थित सब्जी मंडी में गत दिनों सब्जी खरीदने पहुंचे धर्मा सिंह की कार में रखे 4 लाख रुपए व दस्तावेज चोरी के मामले में पुलिस ने सोमवार को तीन युवकों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। इन तीनों में एक युवक धर्मा सिंह रावत के पास काम करता था, जिसके कारण उसे मालूम था कि धर्मा सिंह के पास कार में हमेशा तीन चार लाख रूपए रहते है। जिसके बाद बदमाशों ने उक्त वारदात को अंजाम दिया। पुलिस इस मामले में एक अन्य आरोपी की भी तलाश में जुटी है।

रामगंज थानाधिकारी रविन्द्र सिंह खींची ने बताया कि थाना क्षेत्र में सब्जी मण्डी से 4 लाख 70 हजार रुपए, बही खाते, चेकबुक, एटीएम रखे हुए बेग को चुराने की वारदात के पर्दाफाश के लिए देवेन्द्र विश्नोई के दिशा निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। तीन मई को धर्मा सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी ग्राम

रामगंज पुलिस ने चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बडल्या पुलिस थाना आदर्शनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि वह सब्जी का व्यापार करता हूं तथा रामगंज सब्जी मण्डी से सब्जी खरीदकर आगरा गेट सब्जी मण्डी में सब्जी बेचता हूं। 28 अप्रैल को रात्रि को दो बजे मेरी गाड़ी एसयूवी लेकर रामगंज मंडी आया। मेरी गाडी की पिछली सीट पर एक काले रंग का बेग जिसमें सब्जी के हिसाब के बहीखाते, दो चेक बुक, एक बैंक पास बुक, दो एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पेन कार्ड बेग में रखे हुए थे। सब्जी खरीदने चला गया। सब्जी खरीदकर 5 बजे आगरा गेट मण्डी पहुंचा व गाड़ी में रखे बेग को चेक किया तो नहीं मिला।

थानाधिकारी खींची ने बताया कि विशेषज्ञ टीम ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया। मुखबीरी ईत्तला पर त्वरित कार्यवाही करते हुए

- **एक आरोपी अभी भी फरार, तीनों में एक युवक व्यापारी के पास काम करता था**

तीन आरोपियों विकास शर्मा उर्फ पपिया पुत्र जुगल किशोर शर्मा निवासी मेड़ता सिटी जिला नागौर, अनुराग माली पुत्र प्रकाश चन्द माली निवासी मेड़ता सिटी जिला नागौर व आदित्य सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी मेड़ता सिटी जिला नागौर को दस्तयाब कर पूछताछ की तो उक्त तीनों व एक अन्य अभियक्त ने मिलकर 28 अप्रैल को रात्रि तीन बजे चोरी की वारदात को कबूल किया। जिस पर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया। चोरी किए गए बेग को अभियुक्तों ने मेड़ता जाकर जलाना बताया। शेष रहे अभियुक्त की तलाश जारी है।

करंट से किशोर की मौत

परबतसर, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम जावला में सुबह अपने घर पर नहाने जाते समय एक किशोर की सीढ़ियों की रैलिंग को छूने से करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जावला गांव निवासी सुमित प्रजापत (16) पुत्र रमेश प्रजापत रोजना कि तरह सुबह घर में नहाते जाते वक्त सीढ़ियों की रैलिंग को छू लिया जिससे वह करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर परिजन स्वीच ऑफ कर बच्चे को अलग किया। परिजन घटना के तुरंत बाद ही बच्चे को जावला अस्पताल लेकर पहुंचे मगर वहां ताले लटके मिले। अस्पताल के बाहर स्थित मेडिकल की दुकान पर ही अस्पताल का कंपाउंडर आया तथा बच्चे को हरसौर अस्पताल ले जाने की बात की। परिजनों ने बताया कि तब सुमित की सांसें चल रही थी। हरसौर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोपहर में गमगीन माहौल के बीच सुमित का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संबंध में परिजनों की ओर से देर रात तक पुलिस थाने में कोई रिपोर्ट नहीं दी गई।

47.50 लाख रुपए का अवैध डोडा-पोस्त बरामद

पाली, (नि.सं.)। पाली जिले में मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध जारी अभियान के तहत पुलिस थाना खिंवाड़ा मय टीम ने नाकाबंदी में एक सफेद कलर की इनोवा गाड़ी से 25 कट्टों में 475 किलो 850 ग्राम डोडा-पोस्त जब्त किया। जानकरी के अनुसार 12 मई को थानाधिकारी मनीष सोनी थानाधिकारी पुलिस थाना खिंवाड़ा मय जाब्ता के थाना खिंवाड़ा से रवाना होकर कोट सोलंकियान से गुड़ा गोपीनाथ जाने वाले रास्ते पर पहुंचे तथा नाकाबन्दी शुरू की।

नाकाबन्दी में कोट सोलंकियान की तरफ से एक सफेद रंग की बिना नम्बरी इनोवा गाड़ी आती दिखाई दी। उक्त वाहन संदिग्ध प्रतीत होने पर थानाधिकारी मनीष सोनी मय जाप्ते द्वारा रूकवाने का प्रयास किया गया। इनोवा गाड़ी का ड्राईवर गाड़ी को तेज गति से भगाकर पकड़े जाने के डर से मुख्य सड़क से नीचे उतारकर सरहद गुडा गोपीनाथ गांव की नाडी की तरफ ले जाने लगा। जिस पर थानाधिकारी मनीष सोनी द्वारा लगातार पीछा किया तो उक्त वाहन अचानक आगे रास्ता बन्द होने से रूक गया व उक्त वाहन में से दो व्यक्ति उत्तरकर पास में स्थित झाड़ियों की तरफ दौड़कर भाग गये। इनोवा वाहन की तलाशी ली गई तो अवैध डोडा-पोस्त भरा हुआ पाया गया। बरामद किये गये डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत 47.50 लाख रुपए है।

सांचोर संवाददात के अनुसार :- सांचोर जिले में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध 35 ग्राम, 95 ग्राम मैफाड्रॉन व 750 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

चूरू में डोडा-पोस्त चूरा सहित दो जने गिरफ्तार :- दूधवाखारा थाना पुलिस ने एक ट्रक में छह किलोग्राम डोडा-पोस्त चूरा मिलने पर दो जनों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाधिकारी रतनलाल उनि पुलिस थाना दूधवाखारा मय टीम ने नाकाबंदी के दौरान एनएच 52 पर एक ट्रक से रोहित कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी पंजाब व जगसीर सिंह पुत्र गुरनाम निवासी जिला मानसा पंजाब के कब्जे से 6 किलोग्राम डोडा-पोस्त चूरा मय ट्रक जब्त कर गिरफ्तार कर लिया।

दोनों के खिलाफ धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण का अनुसंधान बलवंत उनि थानाधिकारी पुलिस थाना सदर चूरू द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया उक्त डोडा-पोस्त जावरा मध्यप्रदेश से मानसा पंजाब ले जाया जाना बताया। जब्त डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपए है।

भोपालगढ़ किले के दरवाजे बंद करने का विरोध

तहसीलदार को ज्ञापन देकर मुख्य रास्ते को खुले रखने की मांग की

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी के ऐतिहासिक भोपालगढ़ किले के दरवाजे को बंद करने को लेकर ग्रामीणों में विरोध पनपने लगा है। सोमवार को भोपालगढ़ विकास समिति की ओर से तहसीलदार को ज्ञापन देकर ऐतिहासिक रास्तों को आमजन के लिए खुले रखने की मांग की है।

तहसीलदार नीलम राज बंसीवाल को दिए ज्ञापन में बताया कि खेतड़ी की पहाड़ी पर बना ऐतिहासिक भोपालगढ़ के किले के परकोटे में पुराने समय में चार रास्ते बने हुए थे जो कस्बे की ओर, पश्चिम में बीलवा की ओर, दक्षिण में बागोर व सती मंदिर तथा उत्तर पश्चिम में टीलालवाली, बांकोटी की ओर जाते हैं। भोपालगढ़ किले के परकोटे में स्थित आबादी क्षेत्र व मंदिर में आने जाने के लिए पुराने समय से इन्हीं रास्तों का उपयोग होता रहा है। पिछले कुछ समय पहले से भी किले व मंदिर में आने वाले लोग इन रास्तों का उपयोग करते आ रहे हैं। वर्तमान में भोपालगढ़ के किले की चारदीवारी की मरम्मत का कार्य पुरातत्व विभाग राजस्थान सरकार द्वारा करवाया

- **किले की चारदीवारी की मरम्मत का कार्य के दौरान रास्तों को बंद किया हुआ है**

जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान उक्त रास्तों को बंद कर दिया गया, जिसके चलते यहां आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से गेट लगा दिया जाए, ताकि यहां आने वाले लोगों को परेशानी नहीं उठानी पड़े।

उन्होंने बताया कि यदि प्रशासन की ओर से जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। इस संबंध में तहसीलदार नीलम राज ने जल्द मौका मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, अरूण पारीक, रमेश तिवारी, लाखनसिंह, नंदकिशोर, अरविंद सिंह निर्वाण, भूपेंद्र सैनी, लालसिंह, संजय नालपुरिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

किशोर की मौत

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा हाइवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई तथा साथी घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम सुखेर थाना क्षेत्र गोगुन्दा हाइवे अम्बेरी पर अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार इन्द्रलाल मीणा (17) पुत्र पता निवासी उण्डीथल गोगुन्दा तथा साथी गंभीर घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल नारायणसिंह ने मौके पर पहुंचकर दोनों को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इन्द्रलाल की मौत हो गई। इस पर हेड कांस्टेबल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इन्द्रलाल व साथी मजदूरी करते थे एवं अंबेरी से बाइक पर गांव लौट रहे थे। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

हादसे में एक की मौत

चिड़ावा, (निसं)। शहर के मुख्य बाजार के निकट वार्ड 20 में सोमवार दोपहर को हादसा हो गया। ऊपर से मशीन सहित मकान की दूसरी मंजिल पर काम कर रहा ठेकेदार महावीर नीचे गिर गया। नीचे गिरते ही ठेकेदार गंभीर घायल हो गया। ठेकेदार को अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद ठेकेदार के पुत्र को बुलवाकर पूरी घटना की जानकारी दी और पोस्टमार्टम करवाया।

कहासुनी के बाद झगड़े में ईंट-पत्थर से हमला, लोगों ने बचाई जान

मिट्टी की ट्रॉली को बैक लेते समय अचानक से ट्रॉली एक बाइक से टच हो गई थी

धौलपुर, (निसं)। धौलपुर जिले के बाड़ी शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक कॉलोनी में मिट्टी की ट्रॉली को बैक लेते समय अचानक से ट्रॉली एक बाइक से टच हो गई। मामले ने ऐसा तूल पकड़ लिया और झगड़ा बढ़ गया। बाइक सवार द्वारा लोगों को बुलाकर झगड़ा किया गया। इस दौरान जमकर पथराव भी हुआ। बताया जा रहा है कि उस दौरान झगड़ा बढ़ने पर जब लोग इधर से उधर बचने के लिए भागे तो किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। ऐसे में सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जानकारी ली।

बाड़ी शहर के बारे रेलवे स्टेशन के पास स्थित कृष्णा कॉलोनी निवासी उग्रसेन उर्फ गब्बर गुर्जर पुत्र हरिसिंह गुर्जर ने बताया कि उनके मकान पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान एक मिट्टी की ट्रॉली आई थी। जिसे वह खुद ही बैक में लेकर खाली कर रहे थे। इस

धौलपुर के बाड़ी शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में कॉलोनी में जमकर पथराव हुआ।

दौरान पास की कॉलोनी के एक युवक की बाइक से ट्रॉली अचानक टच हो गई। इसी बात को लेकर ही बाइक चालक द्वारा पहले गालियां दी। फिर जब समझाइश की तो कुछ देर में करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों को लेकर आया और झगड़ा करने लगा। इस दौरान उनसे मारपीट की है और पथराव करते हुए उनकी सोने की चेन छीनकर आरोपी ले गये। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से मौके पर जमकर पथराव हुआ है। इसमें ईंट, पत्थर फेंके

- **सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जानकारी ली**

गए हैं। इससे मोहल्ले के लोगों ने इधर-उधर भाग कर जैसे-तैसे जान बचाई। कोतवाली थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

मामले को लेकर एक पक्ष के उग्रसेन उर्फ गब्बर गुर्जर पुत्र हरिसिंह गुर्जर द्वारा पुलिस थाने में प्राथमिक की दर्ज करने के लिए रिपोर्ट दी है। दूसरे पक्ष द्वारा अभी मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा मामले की जांच कर रहे हैं। शांत रहने के लिए दोनों पक्ष के लोगों से समझाइश भी की है।